Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwalik@yahoo.co.in

कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक- 67 / 12-1 दिनांक, देहरादून, 08 जुलाई 2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : ऑनलाईन प्रस्ताव सं0-FP/UK/Others/149743/2021 जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत नगर पंचायत सतपुली सीमान्तर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण हेतु 0.600 है0 वन भूमि का नगर पंचायत सतपुली को प्रत्यावर्तन के संबंध में।

संदर्भ : आपका पत्रांक 2573/FP/UK/Others/149743/2021 दिनांक 26.04.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव संख्या-FP/UK/OTHERS/149743/2021 पर आपके द्वारा लगाई गई बिन्दुवार आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन के पत्रांक 2238/12-1 दिनांक 22.06.2022 (इस कार्यालय में दिनांक 05.07.2022 को प्राप्त हुआ है) से प्राप्त सूचना के आधार पर निम्न प्रकार प्रेषित किया जा रहा है -

क्र0	आपत्ति	निराकरण
1	प्रस्ताव कितने वर्षो हेतु लीज पर लिया गया है, इस हेतु लीज अवधि का प्रमाण-पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं किया गया है। कृपया लीज अवधि प्रमाण-पत्र प्रस्ताव में संलग्न करें।	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावक विभाग द्वारा ठोस अपशिष्ट निस्तारण हेतु भूमि का चयन ग्राम सतपुली मल्ली, पट्टी लंगुर वल्ला-3, रा0नि0 क्षेत्र खैरासैण, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी, में नॉन जेड ए खतौनी खाता संख्या 06 के खसरा सं0-1968 माध्ये 0.600 है0 भूमि को 99 वर्षो के लिए लीज पर लिया जा रहा है।
2	प्रस्ताव में संलग्न प्रारूप-13 (वैकल्पिक समरेखण) को रिक्त दर्शाया गया है। इस परिपेक्ष्य में वैकल्पिक समरेखण का तुलनात्मक विवरण अंकित कर प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें।	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा चयनित भूमि नगर क्षेत्र से 02 किमी0 की दूरी पर स्थित है, साथ ही चयनित भूमि पर वृक्ष न होने के कारण उचित प्रतीत होती है। अन्य चयनित वैकल्पिक भूमि में अत्यधिक वृक्ष है, जो कि शहर से 01 किमी0 की दूरी पर है, जो कि चयन करने हेतु उचित प्रतीत नहीं होती है।
3	वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव को परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने हेतु श्री रत्नेश बौंठियाल, अधिशासी अभियन्ता, को अधिकृत किया गया है, इसके अतिरिक्त उक्त हेतु ही श्री सुशील बहुगुणा को भी अधिकृत किया गया है।	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव हेतु परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने हेतु श्री रत्नेश बौंठियाल को सीमा रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सतपुली द्वारा अधिकृत किया गया है।
4	वन अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र प्रारूप 30 को Other than linear श्रेणी का प्रस्ताव में संलग्न किया जाय। इसके अतिरिक्त सही प्रमाण पत्र भी ऑनलाईन यथास्थान अपलोड करने का कष्ट करें।	प्रस्तावत विभाग द्वारा प्रपत्र संख्या-30 संलग्न कर ऑनलाईन यथास्थान अपलोड कर दी गयी है।
5	प्रस्तावित निर्माण कार्य के ले-आउट प्लान के अनुसार परियोजना का मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न करते हुए एवं ऑनलाईन पार्ट-I के फार्म-H के B2.4 में भी अपलोड करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त परियोजना की KML file में ले-आउट प्लान को दर्शाते हुए पुनः संशोधित KML file यथा स्थान अपलोड करने का कष्ट करें।	प्रस्तावक विभाग द्वारा निर्माण कार्य के ले-आउट प्लान के अनुसार परियोजना का मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न करते हुए एवं ऑनलाईन पार्ट-I के फार्म-H के B2.4 में भी अपलोड कर दी गयी है। साथ ही KML file यथास्थान अपलोड कर दी गयी है।

O/C

6	प्रस्ताव ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (कूड़ा निस्तारण) हेतु प्रस्तावित है, जिस हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव में संलग्न करते हुए ऑनलाईन पार्ट–। के फार्म–H में भी अपलोड करने का कष्ट करें।	प्रस्तावक विभाग द्वारा उक्त भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति न0पं0 सतपुली के पक्ष में देने का कष्ट करें। भूमि हस्तान्तरण के पश्चात Environment (Protection) Rules 1986 के अनुसार स्वीकृत प्रोजेक्ट प्रारम्भ करने से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति लेना आवश्यक होगा।
7	प्रस्ताव में संशोधित एन0पी0वी0 के आंकलन का प्रमाण–पत्र संलग्न करते हुए पार्ट–। एवं पार्ट–2 में भी अपलोड करने का कष्ट करें।	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रभाग एवं प्रस्तावक विभाग द्वारा एन0पी0वी0 के आंकलन का प्रमाण पत्र ऑनलाईन संलग्न कर दिया गया है।
8	प्रस्ताव में ऑनलाईन पार्ट–2 के पैरा–6 में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा Slightly prone to erosion अंकित किया गया है। कृपया इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी अपनी स्पष्ट टिप्पणी देने का कष्ट करें।	पर्वतीय क्षेत्र तथा ढालदार भूमि होने के कारण लैण्ड स्लाईड की स्थिति बनी रहती है, जिससे भूमि कटान होने की सम्भावना बनी रहती हैं।

अतः कृपया प्रस्ताव की स्वीकृति के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(डॉ0 धीरज पाण्डेय)
मुख्य वन संरक्षक/पदेन वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

पत्रांक :– 67 /12-1 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि :– प्रभागीय वनाधिकारी, भू0सं0 वन प्रभाग, लैन्सडौन को उनके उपरोक्त उल्लिखित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ0 धीरज पाण्डेय)
मुख्य वन संरक्षक/पदेन वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।